बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

वेबसाइट:www.bankofbaroda.in **ईमेल** corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान/**Place: Mumbai** तारीख/**Date:- 24.04.2024**

प्रेसविज्ञप्ति /Media Release

आधुनिक वित्तीय धोखाधड़ी संबंधी जागरूकता लाने के उद्देश्य से, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने PehchaanCon 3.0 कैंपेन के लिए की कुणाल रॉय कपूर के साथ साझेदारी

वर्तमान डिजिटल युग में लोगों को उभरते खतरों के बारे में जानकारी देने एवं शिक्षित करने के साथ-साथ उन्हें अपनी सुरक्षा के तरीकों के बारे में बताने के लिए, बैंक ने रिलीज़ की दो नई विज्ञापन फ़िल्में

मुंबई, 24 अप्रैल, 2024: भारत में सार्वजनिक क्षेत्र के प्रमुख बैंकों में से एक, बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने आज अपने **बैंकिंग धोखाधड़ी जागरूकता अभियान #PehchaanCon 3.0** को रिलीज किए जाने की घोषणा की। इससे पहले के दो संस्करणों की शानदार सफलता तो आगे बढ़ाते हुए, इस नए अभियान का उद्देश्य आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से होने वाले डीपफेक स्कैम जैसी आधुनिक युग की धोखाधड़ी के बारे में जागरूकता बढ़ाना है, क्योंकि इससे अत्यधिक सतर्कता बरतने वाले ग्राहक भी इस तरह की धोखाधड़ी का शिकार बन सकते हैं।

बैंक ने #PehchaanCon अभियान के तीसरे चरण 3 में जाने-माने अभिनेता, कुणाल रॉय कपूर द्वारा अभिनीत दो नई विज्ञापन फ़िल्में रिलीज़ की हैं। हँसी-मज़ाक के साथ जानकारी से भरे कंटेंट्स वाले ये वीडियो बताते हैं कि कोई भी व्यक्ति – यहाँ तक कि हमारे बीच का सबसे स्मार्ट और सबसे प्रभावशाली व्यक्ति भी– किस तरह से अंत में धोखे का शिकार बन सकता है। आजकल परिवार के सदस्य/किसी करीबी रिश्तेदार के रूप में नकली पहचान बताकर, या फिर ऑनलाइन शॉपिंग करने वाले लोगों को निशाना बनाने के लिए नकली डिलीवरी एजेंट के रूप में OTP मांगकर लोगों को धोखा देने के लिए बिल्कुल नई डीपफेक तकनीक का उपयोग किया जाता है। दरअसल यह लोगों के निजी डेटा को हैक करने वाली तकनीक है और जालसाज़ आम लोगों को ठगने के लिए कई अलग-अलग तरीकों के साथ-साथ इसका भी इस्तेमाल कर रहे हैं।
ये विज्ञापन दिखाते हैं कि, कोई भी व्यक्ति किस तरह से ऐसी धोखाधड़ी का शिकार बन सकता है। इसमें कुणाल रॉय कपूर ने एक शांत स्वभाव के नेकदिल डॉक्टर की भूमिका निभाई है, जिनके सामने उनके मरीज़ बेझिझक होकर अपने

दिल की बात कहते हैं, साथ ही यह भी सोचते हैं कि भविष्य में इस तरह की धोखाधड़ी से खुद को कैसे बचाया जाए। विज्ञापन में इस बात पर बल दिया गया है कि सावधान व सतर्क रहकर और धोखेबाज/जालसाज़ या **ठग** को पहचानकर, ग्राहक अपनी और अपनी गोपनीय वित्तीय जानकारी की सुरक्षा कर सकते हैं, साथ ही सुरक्षित ऑनलाइन बैंकिंग एवं शॉपिंग का भरपूर आनंद ले सकते हैं।

इस मौके पर **बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, श्री लाल सिंह** ने कहा, “आजकल लोगों को ठगने के उद्देश्य से की जाने वाली ऑनलाइन धोखाधड़ी बड़ी सामान्य बात हो गई है और यह खतरा लगातार बना हुआ है। इसके अलावा, नई तकनीक के आने के बाद से पैसों की ठगी करने वाले लोगों के काम करने के तरीकों में भी बदलाव आया है। इसलिए, सबसे जरूरी बात है कि हम सभी बहुत ज्यादा सावधानी बरतें और संभावित धोखाधड़ी/स्कैम की पहचान करना सीखें। बैंक ऑफ़ बड़ौदा का PehchaanCon अभियान ग्राहकों के लिए स्वयं सतर्क रहने की आवश्यकता पर जोर देता है, ताकि वे साइबर अपराधियों की वजह से संभावित खतरों से अपनी मेहनत की कमाई की सुरक्षा कर सकें।”

संक्षेप में, इस अभियान का उद्देश्य ‘जानकार बनें और सतर्क रहें’ के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है: । पूरा वीडियो यहां देखें:

PehchaanCon Film #1 और PehchaanCon Film #2.

#PehchaanCon 3.0 एक मल्टी-चैनल अभियान है जिसे टेलीविजन, रेडियो, डिजिटल और आउटडोर प्लेटफार्मों पर चलाया जाएगा।

About Bank of Baroda

Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of ~165 million through over 70,000 touch points spread across 17 countries in five continents and through its various digital banking platforms, which provide all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank’s vision matches the aspirations of its diverse clientele base and seeks to instil a sense of trust and security in all their dealings with the Bank.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For media queries, please contact:
Bank of Baroda: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations: Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com